**<u>विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-13 का उत्तर।</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 13(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री बतायेंगे कि दिव्यांगजनों को राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन सी सुविधाये दी जा रही है? | दिव्यांगजन हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनायें यथा-दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना, कुष्ठावस्था पेंशन योजना, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना, दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना व शल्य चिकित्सा अनुदान योजनाओं के लिये निर्धारित पात्रता रखने पर उक्त योजनाओं/ सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। |
| (ख) उक्त सुविधाओं का लाभ जनपद-उन्नाव में प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का विवरण क्या है? | जनपद-उन्नाव में उक्त योजनाओं/सुविधाओं को प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या निम्न है:-<br><u>(1) दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना-</u> वित्तीय वर्ष 2023-24 में अद्यतन कुल 16,255 दिव्यांगजन को दिव्यांग पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया है।<br><u>(2) कुष्ठावस्था पेंशन योजना-</u> वित्तीय वर्ष 2023-24 में अद्यतन कुल 322 दिव्यांगजन को कुष्ठावस्था पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया है।<br><u>(3) कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना-</u>वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 143 दिव्यांगजन को उक्त योजना का लाभ प्रदान करने हेतु चिन्हित किया गया है।<br><u>(4) शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना:-</u>वित्तीय वर्ष 2023-24 में अद्यतन कुल 20 दिव्यांगजन को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है।<br><u>(5) दुकान निर्माण/दुकान संचालन योजना-</u>वित्तीय वर्ष 2023-24 में अद्यतन कुल 16 दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है।<br><u>(6) शल्य चिकित्सा अनुदान योजना-</u>वित्तीय वर्ष 2023-24 में अद्यतन कुल 02 दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है। |

नरेन्द्र कश्यप
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग।